# गो.ब. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विष्वविद्यालय एवं ग्रीन टीवी द्वारा किसान चौपाल का आयोजन किया गया

पंतनगर। 24 अगस्त, 2025। कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर के प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा ग्रीन टीवी चैनल के साथ संयुक्त रूप से विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक किसान चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें उत्तराखंड के लगभग 300 किसानों ने प्रतिभाग किया। ग्रीन टीवी चैनल लगभग 15 लाख व्यूअर्स के साथ एक महत्वपूर्ण चैनल है। कुलपति ने आशा व्यक्त की कि चैनल के साथ करार विश्वविद्यालय की गतिविधियों, उपलब्धियों को जनमानस तक और किसानोपयोगी तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों को कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया।